खबर संक्षेप

## क्रमौन्नति, एरियर, सेवा पुस्तिका सत्यापन एवं वरिष्ठता सूची को लेकर हुई बैठक

**मण्डला।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला शाखा मंडला के संयोजक संजीव वर्मा की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष संतोष सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में जिले स्तर की एवं विकासखंड स्तर की अनेकों समस्याओं को लेकर गंभीर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं कर्मचारियों ने अपनी शिकायत में कहा कि जिले में एवं तमाम विकासखंडों में बगैर दक्षिणा दिए कोई भी काम सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रहे हैं, शिक्षकों में अत्यंत आक्रोश पनप रहा है। आरोप लगाया गया की वर्षों से 12 वर्ष एवं 24 वर्ष की सेवा कर चुके कर्मचारियों के क्रमौन्नति के आदेश प्राप्त नहीं हो रहे हैं केवल उन्हीं को आदेश प्राप्त होते हैं जो कार्यालय से संपर्क करते हैं, एरियर प्राप्त कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका के सत्यापन हेतु विकासखंड कार्यालय से कुछ लोगों की रिक्वेस्ट डाली जाती है एवं कुछ लोगों की रिक्वेस्ट नहीं डाली जा रही है जिनकी रिक्वेस्ट डाली है, कोष एवं लेखा कार्यालय जबलपुर से उनका भी सत्यापन नहीं हो रहा है, 3 संतान वाले कर्मचारियों को फर्जी पत्रकारों के द्वारा अनावश्यक परेशान किया जा रहा है, संकुल से लेकर विकासखंड स्तर तक प्रत्येक वर्ष वरिष्ठता सूची मैं सुधार हेतु कर्मचारीअपना आवेदन दे चुके हैं किंतु जिले से प्राथमिक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची सही जारी नहीं हो रही है, नवनियुक्त कर्मचारियों के 3 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर भी नियमित वेतनमान प्राप्त नहीं हो रहा है, सहायक अध्यापक में संविलियन दिनांक में सुधार जैसे कार्य महीनों से लंबित है, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चर्चा एवं पत्राचार एवं सहायक आयुक्त महोदय से अनेको बार चर्चा के उपरांत भी निराकरण नहीं हो रहा है।

### नहलाने के बाद की जा जाती मालिश एवं खाने को दिये जा रहे हैं फल एवं अन्य व्यंजन

# कान्हा में गजानन की खास सेवा





*** प्रत्येक वर्ष आयोजित होता इस तरह का कैम्प, मौजूद रहते सभी बड़े अधिकारी एवं कर्मचारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*इन दिनों गणेशोत्सव चल रहा है और बुद्धि के दाता श्री गणेश की ही तरह गजानन की भी पूजा की जाती है और इसी गणेशोत्सव के दौरान कान्हा पार्क में भी गजाननों की विशेष सेवा की जा रही है यह आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है ताकि कान्हा प्रबंधन में काम कर रहे महावतों अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों और गजाननों के बीच संबंध एवं समझ का बेहतर समायोजन रखा जा सके। इन दिनों कान्हा टाईगर रिजर्व में 17 विभागीय हाथी हैं जिनमें अलग-अलग उम्र के नर एवं मादा हाथी शामिल हैं एक तो नवजात बच्चा भी है इस नवजात हाथी बच्चे तो इसकी माँ के साथ कैम्प में पृथक से रखा जा रहा है ताकि संक्रामक रोगों के संक्रमण से इसे बचाया जा सके।*

अनेक वर्षों से कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में विभागीय हाथियों का प्रबंधन किया जा रहा है। इनमें से कुछ हाथियों को देश के विभिन्न हाथी मेलों से क्रय किया गया था तथा कुछ हाथियों की पैदाइश राष्ट्रीय उद्यान में ही हुई है। प्रारंभ में इन हाथियों का कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में प्रमुख उपयोग कन्यप्राणी पर्यटन, आनंद भ्रमण तथा शेर दर्शन के लिए किया जाता था, किन्तु बाद में वन्यप्राणी प्रबंधन की बदलती हुई रणनीतियों के साथ ही इनका उपयोग वन्यप्राणी संरक्षण की दृष्टि से सामान्य गश्ती, वन्यप्राणी अनुश्रवण, वन्यप्राणी दांसलोकेशन तथा विशेषकर मानसून के दौरान गश्ती के लिए भी किया जाने लगा। वर्तमान में यहां कुल 17 विभागीय हाथी हैं जिनमें 10 नर, 6 मादा एवं 1 नवजात बच्चा है।

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में पिछले 10 वर्षों से हाथी रेजुविनेशन केम्प का आयोजन एक अभिनव प्रयास है जो कि हाथियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। हाथी रेजुविनेशन केम्प का उद्देश्य निम्नानुसार है।

जैसा कि सर्वविदित है हाथी एक बुद्धिमान एवं सामाजिक प्राणी है, एवं इस दौरान राष्ट्रीय उद्यान के समस्त हाथियों को एक साथ रहने, खाने एवं विभिन्न गतिविधियों में साथ रहने का अवसर मिला था जो कि मनोवैज्ञानिक रूप से उनके लिए बहुत लाभदायक है।

इस दौरान समस्त हाथियों को विशेष खुराक दी जानी है जो कि उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस दौरान लगातार मन्यप्राणी चिकित्सक द्वारा हाथियों का बारीकी से स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना है।

हाथियों की इस दौरान लगातार मालिश एवं सेवा किया जाना है जो कि उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इस दौरान विभिन्न हाथियों को आपस में मेल जोल के अवसर भी मिले जिससे उनके आपसी संबंध और अधिक प्रगाढ़ होना। लगातार आपसी चर्चा एवं अनुभवों के विनिमय से महावत तथा चाराकटर के ज्ञान में वृद्धि होना। महावत, चाराकटर को दूसरे हाथियो को समझने का मौका मिला जिससे आपात स्थिति मे महावत/चाराकटर दूसरे के हाथियों को नियंत्रित कर संकेगें। वरिष्ट महावतों द्वारा अन्य महावतों एवं चाराकटरों को हाथियों के रखरखाव, उनको दिये जाने। बाले निर्देशों का प्रषिक्षण प्रदाय करना। अधिकारियों की लगातार उपस्थिति से हाथियों के प्रबंधन की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा होना तथा उसके समाधान के उपाय ढूंढना।



### इस तरह की जा रही हाथियों की खुशामद

प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक हाथियों को लाकर नहलाया जा रहा है। प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक हाथियों के पैर एवं सिर की तेल से की जा रही मालिश। उसके पश्चात फल एवं मक्का खिलाया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक महावतों एवं चाराकटरों के साथ परिचर्चा एवं खेल गतिविधियाँ आयोजित होंगी। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक हाथियों को लाकर पुनः नहलाना एवं सायं 4 बजे से 5 बजे तक कैम्प में हाथियों को रोटी, गुड़, नारियल एवं फल खिलाकर पुनः जंगल में छोड़ा जायेगा।

प्रतिदिन हाथियों को तीन दर्जन केले, 10 नारियल, 06 किलोग्राम गेहूं का आटा, 02 किलोग्राम सोयाबीन का आटा, 02 किलोग्राम चना का बेशन, 01 किलोग्राम गुड़, 250 ग्राम नमक, 10 गन्ने एवं 05 किलोग्राम फल जिसमें अनानाश, आम, पपीता, नाशपाती तथा अन्य मौसमी फल शामिल हैं इसके साथ ही 10 नग मक्का के पौधे फल सहित प्रत्येक हाथी को रोजाना दिये जा रहे हैं।

## आवासीय बालिका छात्रावास ख़लौड़ी में सहायक अधीक्षिका की अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

जिला मुख्यालय से दूर मवई विकास खंड के अंतर्गत संचालित छात्रावास आवासीय बालिका छात्रावास खलौडी में सहायक अधीक्षिका श्रीमती नीता आरासिया का लापरवाह रवैया सामने आया है। यहां पर छात्रावास अधीक्षिका छुट्टी पर व्यक्तिगत कारणों से गई हुई थी। इसी दौरान उन्होंने अपना प्रभार नीता आरसिया जोकि छात्रावास सहायक अधीक्षिका है उन्हें सौंपा था लेकिन छात्रावास सहायक अधीक्षिका बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रही। इनके संबंध में छात्राओं ने बताया कि आरसिया मेडम ने हमें अभी तक सेलेब्स का एक भी पाठ नहीं पढ़ाया है, और हमें आधा पेट खाना खाने को कहती है। इस प्रकार की शिकायत बच्चों की है। इस सभी से पल्ला झाड़ते हुए छात्रावास सहायक अधीक्षिका नीता आरसिया का कहना है कि मेरा मोबाइल चोरी होने के कारण में छात्रावास से अनुपस्थित रही। और थाने में शिकायत न लिखे जाने के कारण मंडला जाना पड़ा।




**इनका कहना है:-**

*यदि सहायक छात्रावास अधीक्षिका का मोबाइल चोरी हुआ है तो उन्हें नजदीकी थाने में प्राथमिकी दर्ज करना था।*

**-अरविंद विश्वकर्मा, डीपीसी मंडला**

*मुझे इस संबंध में बच्चों ने बताया कि जब मैं छुट्टी पर गई हुई थी तो आरसीआ मेडम भी अनुपस्थित थी।*

**-पूजा डोंगरे, छात्रावास अधीक्षिका छात्रावास ख़लौड़ी**

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 5 सितम्बर को विद्यार्थियों के बैंक खातों में गणवेश राशि अंतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिला शिक्षा केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों को गणवेश प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 5 सितम्बर को विद्यार्थियों के बैंक खातों में राशि अंतरण किया जाएगा। इस योजना के तहत जिले के प्रत्येक नामांकित विद्यार्थी को गणवेश की राशि दी जाएगी, ताकि वे शैक्षणिक सत्र के दौरान उचित गणवेश पहन सकें।

इसके लिए यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक विद्यार्थी का सक्रिय बैंक खाता और समग्र आईडी उपलब्ध हो। जिला शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मण्डला जिले में वर्ष 2025-26 के लिए कुल 95834 विद्यार्थी नामांकित हैं, जिनमें से 89143 विद्यार्थियों का शाला स्तर पर सत्यापन किया गया है। हालांकि, 5731 विद्यार्थियों का सत्यापन पेंडिंग है, जिनमें से 533 विद्यार्थी बिना समग्र आईडी के हैं।

इस योजना में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए जरूरी है कि उनका बैंक अकाउंट सक्रिय हो और समग्र आईडी की पुष्टि हो, ताकि किसी भी विद्यार्थी को इस लाभ से वंचित न रखा जाए।

सभी स्कूलों और शिक्षा अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस कार्यवाही को शीघ्र पूरा करें, ताकि कोई भी बच्चा इस योजना से वंचित न रहे।

**मन की बात** | जिले के प्रत्येक बूथ पर उत्साह के साथ किया गया श्रवण।

## मन की बात का प्रसारित हुआ 125वां संस्करण

*** मन की बात सुनने से होती सामान्य ज्ञान की वृद्धि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम के 125वें ऐतिहासिक संस्करण का मंडला जिले में उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय सहित जिले के प्रत्येक बूथों पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का श्रवण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ने हर भारतीय को प्रेरित कर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री जी की सोच और संदेश को घर-घर एवं हर बूथ तक पहुंचाने का आह्वान किया।



जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि मन की बात राष्ट्र के जन-जन को जोड़ने का माध्यम है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा, राष्ट्रप्रेम और विकास की नई चेतना का संचार करता है। प्रधानमंत्री जी के प्रेरक संदेश से आज देश का हर वर्ग-किसान, युवा, महिला एवं उद्यमी-आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में सहभागी बन रहा है।

विशेष उल्लेखनीय है कि विगत माह मंडला जिले के लगभग 73% बूथों पर मन की बात का श्रवण किया गया, जो यह दर्शाता है कि जिले का प्रत्येक बूथ लगातार सक्रियता से प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर रहा है।

उन्होंने बताया कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर की घटनाओं, उपलब्धियों और प्रेरणादायी कार्यों की जानकारी साझा करते हैं, जिससे न केवल सामान्य ज्ञान में वृद्धि होती है बल्कि भाजपा का हर बूथ कार्यकर्ता निरंतर सक्रिय और जागरूक बना रहता है। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि बूथ स्तर तक इस कार्यक्रम की पहुंच यह साबित करती है कि मन की बात केवल संवाद ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की नीति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित बूथ स्तर तक बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

## 'मुस्कान अभियान' ने लौटाई मासूमियत-16 गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की सकुशल वापसी, परिवारों में खुशियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 18 अगस्त 2025 से प्रदेश भर में संचालित 'मुस्कान अभियान' के तहत मंडला जिले में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस महानिरीक्षक, बालाघाट जोन के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान में मंडला जिले की 16 गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया है।

अभियान की प्रभावी निगरानी उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार चतुर्वेदी, महिला सुरक्षा शाखा, मंडला द्वारा की गई। मंडला जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों जैसे कोतवाली, नैनपुर, बीजाडांडी, घुघरी, मोतीनाला, टिकरिया, मनेरी चौकी एवं लिंगा पौंडी चौकी द्वारा किए गए अथक प्रयासों से इन बालिकाओं को देश के विभिन्न राज्यों केरल, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ से दस्तयाब किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मंडला-पीयूष कुमार मिश्रा थाना प्रभारी-कोतवाली मंडला, नैनपुर, टिकरिया, घुघरी, मोतीनाला, चौकी प्रभारी-मनेरी एवं लिंगा पौंडी, प्रआर. अभिषेक मिश्रा, आरक्षक-प्रियंका मिश्रा, आनंद करी, सूर्यचंद्र बघेल, सुरेश भटेरी, इंद्र कुमार यादव, धंजय वल्के, युवराज कुलस्ते एवं सम्बंधित स्टाफ

इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सतत परिश्रम, तकनीकी दक्षता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालिकाओं की तलाश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनकी इस कार्यशैली ने न सिर्फ परिजनों को राहत दी, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत किया।

मुस्कान अभियान का उद्देश्य गुमशुदा बच्चों की तलाश कर उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाना है-मंडला पुलिस इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रतिबद्ध है।


## सांईखेड़ा पुलिस के हाथ भी लगी बड़ी सफलता, दो आरोपियों के पास से जप्त किया मादक पदार्थ

# मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ डीएसपी मिश्रा व टीआई रजक द्वारा घुमाया डंडा, दो आरोपियों के पास से स्कूटी सहित जप्त किया गया स्मैक पावडर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।







एक कहावत है कि जब पुलिस यदि अपनी पर आ जावे तो अवैधानिक कृत्यों को अंजाम देने वालों को पुलिस पानी डूबे तक नही छोड़ती है। मगर इसके लिये वरिष्ठ अधिकारियों का निष्ठा के साथ मार्ग दर्शन मिलना चाहिये। इसीलिये कहा जाता है कि कानून के हाथ बड़े लम्बे होती है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पुलिस विभाग के नेतृत्व में हुये बदलाव के बाद दिखाई देना शुरू हो गया है और गाडरवारा क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा सहित टी आई विक्रम रजक की जुगल जोड़ी ने क्षेत्र में चल रहे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अपना डंडा घुमाना एक बार फिर शुरू कर दिया गया है जिसके चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा दो आरोपियों के पास से डेढ़ लाख रूपया कीमत की स्मैक सहित एक स्कूटी को जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इसी प्रकार से अवैधानिक कृत्यों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने में सांईखेड़ा पुलिस थाना प्रभारी भी अब पीछे नही रहना चाहते है उनके द्वारा भी दो युवकों के पास से मादक पदार्थ स्मैक पावडर जप्त किया गया है। बताया जाता है कि जिले की बागडोर सफलने के उपरांत नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा सभी थाना प्रभारियों के बैठक लेते हुये मादक पदार्थो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया था। इस तरह जिला पुलिस अधीक्षक मीना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपनी टीम को नगर में मादक पदार्थो के कारोबारियों की खोज खबर करना शुरू किया गया। वही जब टीआई विक्रम रजक की टीम क्षेत्र का भ्रमण कर रही थी उसी दौरान कामती रोड आजाद ढाबा के सामने हीरो माईस्ट्रो स्कूटी पर सबार युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। इस तरह युवक को भागने का प्रयास करते हुये देखे जाने पर पुलिस संदिग्ध युवक की घेराबंदी करते हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम यश पिता हरि प्रसाद पाठक उम्र 23 वर्ष निवासी गोकुलधाम कालोनी विवेकानंद बताया गया। वही जब युवक की तलाशी ली गई तो इसके कब्जे से पुलिस को 8.02 ग्राम स्मैक पावडर जिसकी कीमत अनुमान अस्सी हजार रूपया पाया गया। इसी प्रकार से एक अन्य दूसरे स्थान पर मुखबिर द्वारा नगर निरीक्षक विक्रम रजक को सूचना मिली की नगर की गोल्डन सिटी में एक नाबांलिग किशोर कुछ संदिग्ध सामग्री रखे हुये। जिससे टीआई रजक द्वारा अपने परिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई जिसमें मुख्य रूप से एक एस आई सहित मादक पदार्थो के कारोबारियों को एक ही नजर में पहचान करने में माहिर माने जाने वाले ए एस आई राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत,वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, सौरभ मिश्रा, आरक्षक बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू ,सुजीत बागरी, शिशुपाल, शिवम पटैल, दीपक राजपूत, हरिशंकर, अक्षय श्रीवास्तव, वंदना मिश्रा, कुमुद पाठक को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा सूचना के आधार पर निर्धारित स्थल की घेराबंदी करते हुये संदिग्ध नाबांलिग किशोर को पकड़ते हुये जब उसकी तलाशी ली गई तो 7.20 ग्राम स्मैक पावडर पाया गया। इस तरह गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा अलग अलग स्थानों से एक युवक सहित नाबांलिग किशोर के पास से कुल मिलाकर 15.22 ग्राम यानि की 1 लाख 50 हजार रूपया का स्मैक पावडर तथा स्कूटी जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के देतपोन तिरहा के पास एक युवक कुछ मादक पदार्थ रखे हुये है। इस सूचना से प्रकाश पाठक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने पर जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा आरोपियों को माल सहित पकड़ने के लिये निर्देशित किया गया। वही उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन व सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इस टीम में सउनि सतीश सिंह राजपूत के आलवा प्रधान आरक्षक चंद्रभूषण बाजपेयी, गजराज सिंह, अपनी कार्यवाही के लिये अलग पहचान बनाने वाले आरक्षक दिनेश पटेल, सुदीप बागरी, आदर्श पाठक, उमेश वर्मा, शिव कुमार पटेल, भगवान सिंह, महिला आरक्षक नीशू पटेल, रूचि तिवारी व मुकुद पाठक को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मोटर साईकिल के साथ संदिग्ध स्थिति में दो युवकों को खड़ा हुआ पाये जाने पर जब उन्हे हिरासत में लेते हुये पूछताछ की गई तो युवकों ने अपना नाम आकाश उर्फ अक्कू रजक उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम बनबारी तथा दूसरे ने नीतेश पिता निखिल अहिरवार उम्र 23 वर्ष निवासी बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम बताया गया। जब पुलिस द्वारा इन युवकों की तलाशी ली गई तो उनके पास से पुलिस को 12.34 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पावडर मिला जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 30 हजार आकी जा रही है। इस तरह गाडरवारा व सांईखेड़ा पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थो के कारोबारियों के खिलाफ डंडा घुमाते हुये पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल करते हुये आरोपियों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरफ्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि वह इस तरह बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर कहा से आये हुये थें और क्षेत्र में किन को विक्रय करने की जुगाड में घुम रहे थें। यदि पुलिस इन आरोपियों का मुंह खुलवाने में सफल होती है तो निश्चित तौर मादक पदार्थो के बड़े सौदागर पुलिस की गिरप्त में आने से नही बच पायेगे।

## शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

# लवकुश जन्मोत्सव पर कुशवाहा समाज संगठन द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

कुशवाहा समाज जिला संगठन के तत्वाधान में बीते हुये रविवार को भगवान लवकुश का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाते हुये समाज की प्रतिभाओं को प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सहित कुश कल्याण वोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा की मौजूदगी में नगर की जवाहर कृषि मंडी में आयोजन के दौरान सम्मानित किया गया। भगवान लवकुश जन्मोत्सव के मौके पर जिला कुशवाहा समाज के द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुये आयोजन स्थल नई गल्ली मंडी पहुंची। इस मौके पर समाज संगठन के पदाधिकारियों सहित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान लव कुश की पूजन अर्चन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह तथा विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी, कुश कल्याण वोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा के आलवा नगर पालिका अध्यक्ष पं शिवाकांत मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य डा. योगेश कौरव, पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया के आलवा, मार्शल वम्होरिया पिपरिया ,नेतराम कुशवाहा, जिला अध्यक्ष मोहन हिनखेरिया कुशवाहा समाज संगठन नरसिंहपुर, मालकसिंह कुशवाहा जिलाध्यक्ष नर्मदापुरम, महिला जिलाध्यक्ष शीतल मौर्य नर्मदापुरम, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा युवा अध्यक्ष नर्मदापुरम, गोपाल कुशवाहा वरिष्ट समाजसेवी, ,पुरषोत्तम कुशवाहा (नेता जी), नारायण सिंह कुशवाहा, तुलाराम कुशवाहा (पार्षद ) युवाध्यक्ष रायसेन मौजूद थें। वही कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभात पटेल ने अपनी सामाजिक रूप रेखा प्रस्तुत करते हुये सामाजिक महापुरुषों पर प्रकाश डालते हुये अवगत कराया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कुशवाहा समाज के उत्थान के लिए बहुत जरूरी संदेशत देते हुये उन्होंने हमेशा ही कुशवाहा समाज का साथ देने की बात कही गई। इसी प्रकार से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व प्रदेश के कैविनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कुशवाहा समाज की एकता की सराहना करने लायक है। इस दौरान उन्होंने गाडरवारा में मंगल भवन कुशवाहा समाज के लिए बनाने की घोषणा की गई तथा साईखेड़ा ,सालीचौका सहित चीचली के लिए 50-50 लाख रु से सब्जी मार्केट बनाने के लिए घोषणा की गई। इस मौके पर कुशवाहा समाज का नाम रोशन करने वाले 35 छात्र/छात्राओं के लिए सांसद तथा प्रदेश के शिक्षा मंत्री द्वारा पांच हजार की राशि सीधे उनके खाते में डालने की बात कही।वही कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष मोहन लाल हिंखेरिया द्वारा कार्यक्र में पधारे हुये अतिथियों सहित शोभायात्रा एवं सफल कार्यक्रम के लिए जिले के प्रत्येक ग्रामों से आये हुये सामाजिक बंधुओं एवं जिलाकार्यकरनी के कार्यकर्ताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रभात पटेल, मोहन लाल हिंनखेनिया, नेतराम कुशवाहा, लखन लाल पटवारी, नारायण पटेल, विश्राम कुशवाहा, नेमीचंद वागवान, अरुण भदौरिया, मूरत कुशवाहा, सुरेंद्र पटेल, हरि शंकर कुशवाहा, आजाद हिंनखेनिया, परमेश्वर दास, गब्बर सिंह कुशवाहा , बबलू कुशवाहा, इंद्रजीत कुशवाहा, प्रहलाद कुशवाहा, एच. आर. कुशवाहा, संजय कुशवाहा सहित समाज के अन्य लोग मौजूद थें।

# मूंग से भरी बोरी चोरी करने वालों को ग्रामीणों पकड़कर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज/चीचली।

क्षेत्र में अभी तक किसानों के खेतों में रखे हुये कृषि यंत्रों के साथ साथ अन्य प्रकार की चोरी होने की घटनाये सुनी जाती थी। मगर अब हाल यह बना हुआ है कि किसानों के घर के अंदर रखा हुआ अनाज भी अब चोरों द्वारा पार करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम घूरपुर में देखने मिली है जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा एक किसान के घर के अंदर टीन शेड में रखी हुई मूंग की बोरी पार करते हुये ले जाते समय ग्रामीणों ने पकड़ते हुये आरोपियों को पुलिस के हवाले किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम घूरपुर निवासी एक कृषक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये अताया कि मेरे खेत में इस वर्ष लगभग 28 क्विंटल पैदावार हुई थी जो हारवेस्ट के बाद मूंग मैने खाली यूरिया की बोरी मे भरकर घर के बाड़े मे टीन शेड के नीचे ऱखकर प्रत्येक बोरी मे मैने काले मार्कर से नंबर व हेमराज का H लिख दिया था। इस प्रकार कुल मूंग मे से मैने करीब 21 क्विंटल मूँग बेच दी थी और बची शेष14 बोरी मूँग टीन शेड मे नीचे रखी थी । बीते हुये दिवस मूँग की रखी हुये 14 बोरिया मे से 07 बोरियाँ जिसमे नंबर 26 से 32 लिखी हूई वहाँ नही थी। इस तरह मूंग बोरी गायब होने पर प्रार्थी द्वारा आसपास देखा तो बाउंड्री के उस पार कुछ मूँग बिखरी हुई दिखाई दी जिससे यह बात स्पष्ट होने से नही चूक रही थी कि किसी ने बाउंड्री पारकर मूँग की चुराई गई है। इस संबंध में प्रार्थी द्वारा जब गांव के कुछ लोगों से चर्चा की गई तो पता चला कि गाँव का देवेन्द्र कहार जो कि कौड़िया के किसी वेयरहाउस मे मूँग खरीदी केन्द्र मे बोरी सिलने का काम करता है। वही गांव के लखन कहार का लड़का सचिन कहार उससे बोल रहा था कि उसके कौड़िया के खरीदी केंद्र मे मूँग बेचना हैं। वह गाँव के बाहर मिलने का बोला है। इस संदेह के चलते शायद उसने आपके घर से मूंग चुराई होगी जिसे बेचने का बोल रहा था। इसी के चलते प्रार्थी व गांव वालों ने छ े सचिन औऱ उसका कोई दोस्त मोटर सायकिल से देवेन्द्र के पास मूंग की 02 बोरी जो आधी भरी हुई को लेकर गाँव के बाहर मुन्ना कहार के खेत के पास आए थे और मूँग की बोरी मोटर सायकिल मे ऱखकर जाने लगे जो देखे कि सचिन के साथ आया लड़का गाड़ी मे बैठा और सचिन ने देवेन्द्र को गाड़ी मे बैठा दिया और खुद दूसरी मोटर सायकिल मे बैठकर जाने लगा। उसी दौरान प्रार्थी तथा गाँव के रामकुमार उर्फ बड्डू धानक, राजेश धानक, दीपक पाली ने दौड़कर उन लोगो को पकड़ने गए तो सचिन सचिल भागने में सफल हो गया। मगर गांव वालों ने उसके दोस्त को मोटर सायकिल व मूँग सहित पकड़ लिया और जो वह मूंग की बोरी रखे हुये थें वह प्रार्थी की ही थी जिनके ऊपर 27 H व 28 H लिखा हुआ था बोरियो के अंदर रखी मूँग चैक किया जो मेरी MH 1142 वैरायटी की मूंग थी। सचिन के साथी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रहीम उर्फ शाहरूख खान पिता रमजान खान उम्र- 20 साल निवासी बीटीआई के सामने आजाद वार्ड गाडरवारा का होना बताया गया। वही पकड़े गये आरोपी ने ग्रामीणों को पूछताछ के दौरान यह भी खुलासा किया कि उसने दोस्त सचिन के साथ कल रात मे घूरपूर के हेमराज पाली के बाडे से मूंग चोरी की गई थी और चोरी गई मूँग को टुकड़ो टुकड़ो मे बेचने के उद्देश्य से गाडरवारा जा रहे थे । वही बाकी की चोरी की 07 बोरी मूँग की जानकारी सचिन को है बताया था तब फिर सचिन के दोस्त रहीम उर्फ शाहरूख को और उसककी काल े रंग की मोटरसायकिल एमपी 49 एमटी 5560 को साथ ही मूँग की दोनो आधी भरी बोरियां को लेकर प्रार्थी गांव के देवेन्द्र के साथ सरपंच अमोल पाली के यहाँ आ गए। सरपंच द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके चलते पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# घर के अंदर से पायल चोरी करने वाले को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बते हुये दिवस ग्राम झिरिया माता निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने खेत पर बने हुये मकान में रहता है। बीते हुये दिवस की बात है जब जब प्रार्थी के पास एक व्यक्ति आया और बातचीत करने लगा तभी प्रार्थी की पत्नि आयी और प्रार्थी को चांदी की एक जोड़ पायल बजनी करीब 116 ग्राम कीमती करीब 8000 रूपये की देकर प्रार्थी से बोली इस पायल को साफ करवा दो तो प्रार्थी द्वारा पायल लेकर अपने कुर्ता के जेब मे रखा और कुर्ता को घर के बाहर तार में टांगते हुये घर के अंदर पानी पीने चला गया। जब वापिस आया तो देखा जो व्यक्ति आया था वह वहां पर नही था। और प्रार्थी ने अपने कुर्ता की जेब देखी तो कुर्ता की जेब से पायल भी गायब थी। इस तरह घर आये हुये व्यक्ति के संबंध में प्रार्थी द्वारा गांव के लोगों को बताया तो ग्रामीणों द्वारा खोजते हुये पकड़कर उससे पूछताछ किये जाने पर संदिग्ध युवक द्वारा अपना नाम कमलेश गुर्जर निवासी खैरी बताया गया। इस तरह घर से पायल पार करने वाले आरोपी को ग्रामीणों द्वारा पुलिस के हबाले सौपा गया। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित द्वारा नामजद शिकायत किये जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में प्रियंका अग्रवाल हासिल किया पहला स्थान, राज्यपाल से मिलेगा सम्मान



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विविध आयाम एवं ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल संसाधनों का प्रभावी उपयोग विषय पर बीते हुये 30 अगस्त को आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक संगोष्ठी में सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शिक्षिका श्रीमती प्रियंका अग्रवाल ने प्रथम स्थान अर्जित कर नगर सहित जिले का नाम रोशन किया गया है। श्रीमती अग्रवाल ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के मध्य अपनी अद्वितीय शैली और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। ज्ञात हो कि वे विकासखंड से लेकर जिला स्तर तक निरंतर प्रयासरत रहते हुए पूर्व में भी राज्य स्तरीय संगोष्ठी में जिले का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।बचपन से ही मेधावी और प्रतिभावान रही श्रीमती अग्रवाल ने इस सफलता का श्रेय अपने पिताजी को समर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बीते हुये माह उनके पिता के देहांत के बाद उन्होंने यह संकल्प लिया था कि अपने पिता के स्वप्न को साकार करना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्य स्तरीय संगोष्ठी में प्रथम आने वाले प्रतिभागी शिक्षक को आगामी शिक्षक दिवस (5 सितंबर) को प्रदेश के महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे, प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया गया है।

## गणेश उत्सव की धूम



नगर की ईन्द्रा कालोनी के पास स्थापित गणेश जी की प्रतिमा



नगर डमरूघाटी के सामने स्थापित गणेश प्रतिमा



नगर शीतला माता के पास स्थापित गणेश प्रतिमा।



नगर निरंजन वार्ड में स्थापित लम्बोदर की प्रतिमा



नगर सिद्धि विनायक समिति द्वारा स्थापित की गई प्रतिमा।



नगर के कोरी मुहल्ला में थापित गणेश प्रतिमा।

**खबर संक्षेप**

## पीएम जनमन, धरती आबा अभियान के तहत 3 व 4 सितंबर को होंगे विकासखंड स्तरीय शिविर

**उमरिया।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय द्वारा धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से हितग्राही मूलक योजनाओं का सेचुरेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है।अभियान के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड स्तर पर 3 एवं 4 सितंबर को ग्रामों में शिविर लगाए जाएंगे। जिला पंचायत के सीईओ अभय सिंह ने बताया कि ग्राम नरवार, नयागांव, परासी, पठारी, कुशमहाखुर्द एवं भरौला में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।शिविरों के संचालन हेतु स्वास्थ्य सेवाओं और योजना लाभ वितरण की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। इसके लिए सीएचओ, एएनएम एवं ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं सीईओ ने बीपीएम को निर्देश दिए कि शिविरों की कार्यवाही का प्रतिदिन सायं 5 बजे तक संधारित प्रतिवेदन तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।इन शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदाय के हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## चल रहा पेज पाठशाला



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मुनि श्री प्रणुत सागर जी के मंगल सानिध्य में वर्ष 2025 धर्म प्रभावक सम्मान समारोह उज्जैन मध्यप्रदेश में 150 धर्म प्रभावकों में कोतमा नगर की बालिका सुभी जैन संस्कृति यह रील्स जैन कालेज प्रोरटी के माध्यम से निरंतर धर्म प्रभावना क्षेत्र में तत्पर हैं वर्ष 2023 से यह पेज पाठशाला प्रणेता मुनि श्री निर्वेगसागर जी के आशीर्वाद से चल रहा हैं।

## विधि विधान के साथ मनाया गया राधारानी का जन्मोत्सव



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के पंचायती मंदिर में रविवार को राधा अष्टमी यानी राधारानी का जन्मोत्सव धार्मिक विधिविधान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधारानी का जलाभिषेक मंदिर के पुजारी और श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। इसी क्रम में राधा-माधव को नई-नई पोशाकें पहना कर भव्य श्रृंगार करते हुए मंदिर को फूलों से सजाया गया था। इस अवसर पर पंचायती मंदिर के पुजारी कुंज बिहारी मिश्रा ने कहा कि राधा रानी भगवान श्रीकृष्ण को बेहद प्रिय थी। वह हमेशा उनकी सेवा करती रहती थी। इसलिए भगवान कृष्ण से पहले राधा जी का नाम लिया जाता है। भक्त को मन से भगवान की भक्ति करनी चाहिए। सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। भगवान तो भाव के भूखे हैं। हमेशा सही दिल से उनकी प्रार्थना करनी चाहिए। इस दौरान भजन-कीर्तन का दौर कई घंटे तक चला। मंदिर परिसर में कन्या भोज का आयोजन भी किया गया था। मंदिर परिसर में राधा नाम संकीर्तन के साथ ही महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसी प्रकार नगर के अन्य राधा-गोविंद मंदिरों में भी राधा अष्टमी मनाई गई।

## सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 21 सितंबर से 25 सितंबर तक

**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम ने बताया कि शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह के संयोजन में सांसद खेल महोत्सव आओ खेलें देश को आगे बढ़ाएं थीम पर यह आयोजन आयोजन 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक किया जा रहा है

# डिंडोरी में नर्मदा की स्वच्छता के लिए जनभागीदारी से चल रहा मैया अभियान

**डिंडोरी।** नर्मदा नदी की पवित्रता बनाए रखने और घाटों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से डिंडोरी जिले में बीते तीन वर्षों से "मैया अभियान" के तहत जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्थानीय युवा, सरकारी कर्मचारी और आम नागरिक नियमित रूप से भाग ले रहे हैं।

रविवार को नर्मदा पुल के समीप घाट की सफाई की गई, जिसमें श्रमदान कर एक ट्रैक्टर कचरा हटाया गया। हर सप्ताह घाटों की सफाई, कचरे का निस्तारण, फूल-मालाओं और मूर्तियों के अवशेषों को एकत्रित कर समुचित रूप से हटाने का कार्य किया जाता है।अभियान के प्रेरक और विशेष सहयोगी दिव्यांग शिक्षक शाहिद खान (प्रभारी प्राचार्य) बीते तीन वर्षों से प्रतिदिन सुबह 7 बजे घाट पर उपस्थित होकर माँ नर्मदा की सेवा में जुटे हैं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।अभियान के सदस्य जितेन्द्र दीक्षित ने बताया, "नर्मदा हमारी जीवनरेखा है। इसे स्वच्छ रखना हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी है। 'मैया अभियान' का उद्देश्य है कि नर्मदा का जल शुद्ध और निर्मल बना रहे ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इसका लाभ उठा सकें।" अब तक इस अभियान के माध्यम से सैकड़ों ट्रॉली कचरा घाटों से हटाया जा चुका है। हालांकि, यह खेदजनक है कि प्रशासन द्वारा नर्मदा नदी को प्रदूषित करने वाले नालों को डायवर्ट करने की कोई ठोस योजना अब तक लागू नहीं की गई है।अभियान से जुड़े सदस्यों ने आगामी गणेश उत्सव के मद्देनज़र जिला प्रशासन से विसर्जन कुंड बनाने, नर्मदा तटों पर कचरा पेटी, शौचालय की व्यवस्था करने और प्रदूषण फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने की माँग की है।





रविवार को आयोजित स्वच्छता अभियान में डॉ. संतोष परस्ते, प्राचार्य शाहिद खान, शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित, प्राचार्य राम विशाल मिथलेश, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गणेश गवले, पत्रकार आशीष शिवात्री, प्रयास कोचिंग से मनोज चौकसे, भागवत यादव, ओमवीर जाट, मंटू जैन, राकेश नामदेव, नीलकंठ ब्रह्म, विद्यार्थी माही बरोतीया, संतोष परमार, अवध गोहिया और यथार्थ यादव ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।"मैया अभियान" जनसहभागिता से चलाया जा रहा एक अनुकरणीय प्रयास है, जो नर्मदा नदी की निर्मलता और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणा स्रोत बन रहा है।

## डिंडोरी में मनाया गया विमुक्ति दिवस, घुमक्कड़ और अर्ध-घुमक्कड़ समुदायों के उत्थान पर दिया गया जोर




**डिंडोरी।** 31 अगस्त को डिंडोरी जिले में विमुक्ति दिवस पर्व का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर जिले सहित प्रदेश में संचालित रोजगार और विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विशेष रूप से घुमक्कड़ और अर्ध-घुमक्कड़ समुदायों को दी गई, ताकि वे इनका लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकें कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, भाजपा जिला महामंत्री पंकज तेकाम, राजेन्द्र पाठक, पंकज शर्मा और अविनाश छाबड़ा ने सहभागिता की। इन जनप्रतिनिधियों ने विमुक्त समुदायों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और उन्हें योजनाओं से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की बात कही। सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटव ने बताया कि कलेक्टर नेहा मराव्या के नेतृत्व में जिले में जन विकास कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत विमुक्त, घुमक्कड़ और अर्ध-घुमक्कड़ वर्ग के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम के माध्यम से इन वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।यह आयोजन न सिर्फ समुदायों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास था, बल्कि सामाजिक समरसता और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी सिद्ध हुआ।

## भाजपा ने आक्रोश रैली निकालकर जलाया राहुल गांधी का पुतला

**डिण्डोरी।**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के नेतृत्व में डिंडोरी जिला मुख्यालय में आक्रोश रैली निकालकर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। ज्ञात हो कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और उनकी दिवंगत पूज्य माताजी को लेकर बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के मंच से कही गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ आज भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विरोध प्रदर्शन आक्रोश रैली निकालकर पुतला दहन व नारेबाजी की गई। यह यात्रा जिला भाजपा कार्यालय से निकलकर मुख्य मार्ग से रानी अवंती बाई बस स्टैंड पहुंची जहां राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।



भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि देश और दुनियाभर में आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाए इंडि. ठगबंधन की नफरत दिनों-दिन और बढ़ती जा रही है। नफरत की आग में जलने वाले कांग्रेस और उसके सहयोगी दल के नेता अब राजनीतिक मर्यादा एवं संस्कारों को छोड़कर असभ्यता की सीमा लांघ चुके हैं।अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम ने कहा कि शर्म की बात है कि जिनके मंच से इस तरह की ओछी टिप्पणी की गई इस अभद्रता पर उनका मौन बताता है कि वे इससे भली-भांति परिचित थे। राहुल और तेजस्वी ये अच्छी तरह समझ लें कि उन्होंने केवल प्रधानमंत्री जी की दिवंगत माताजी ही नहीं बल्कि संपूर्ण मातृशक्ति का अपमान किया है।देश की जनता इस अक्षम्य कुकर्म पर उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

विरोध प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत अवध राज बिलैया वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया, राजेंद्र प्रसाद पाठक जिला महामंत्री जयसिंह मरावी जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर दिलीप ताम्रकार बद्री प्रसाद साहू जिला मंत्री सपना जैन राजेंद्र प्रसाद दुबे जिला मीडिया प्रभारी सुधीर दत्त तिवारी जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन जिला कोषाध्यक्ष स्कंद चौकसे जिला सोशल मीडिया संयोजक पवन शर्मा मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, वर्षा कुशराम, सुदामा बर्मन लक्ष्मी प्रसाद दरकेश, आकाश नामदेव, अनिल साहू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नरवदिया मरकाम अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश धूमकेती, अजा जिला अध्यक्ष परसराम नागेश, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, करंजिया जनपद उपाध्यक्ष गीता पट्टा, पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, हेमसिंह राजपूत, अविनाश छाबड़ा हर्षवर्धन कटारे राजेंद्र परमार ओम प्रकाश ठाकुर, शालिनी मरावी, बृजेश तिवारी, दिलीप चौबे, तरुण ठाकुर, भागीरथ उरैती, यशवंत तोमर, मोहन सिंह राठौर, सरस्वती सारथी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्राम गोरखपुर में पंचायत सचिव मन्नू लाल खंडे को दी गई भावभीनी विदाई

**हरिभूमि न्यूज़, करंजिया** (गोरखपुर)।करंजिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गोरखपुर स्थित पंचायत भवन में सोमवार को एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत विभाग के सचिव पद पर कार्यरत मन्नू लाल खंडे के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मन्नू लाल खंडे वर्तमान में भूषंडा ग्राम पंचायत में सेवा दे रहे थे। उनका सेवाकाल 31 जुलाई को पूर्ण हुआ।विदाई समारोह में सचिव संघ एवं रोजगार सहायक संघ के सदस्यों द्वारा उन्हें स्नेहपूर्वक साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी सचिवों ने मिलकर 25,000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया।



अपने संबोधन में मन्नू लाल खंडे ने कहा कि उन्होंने वर्ष 1995 से पंचायत सचिव के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं। इस दौरान अनेक अच्छे-बुरे अनुभव और चुनौतियों का सामना करते हुए उन्होंने निष्ठा और दृढ़ता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि पंचायत सेवा में समस्याएं आती जाती रहती हैं, लेकिन धैर्य और ईमानदारी से हर चुनौती को पार किया जा सकता है। कार्यक्रम में सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सरठिया, गुल सिंह धुर्वे, रोजगार सहायक संघ अध्यक्ष अनिल यादव, सचिव जामवंत आर्मो, गोपाल साहू, अंकित पडवार, सुशील मरावी, नीलम धुर्वे, शबाना धुर्वे, मानती मरावी, प्रदीप मोगरे, हीरा गजेन्द्र, नरोत्तम झरिया और अशोक यादव सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।समारोह में सभी ने मन्नू लाल खंडे के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

## मेंहदवानी थानांतर्गत ग्राम हर्रा टोला का मामला खेत में भरे पानी में डूबने से महिला की मौत





**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**

पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम हर्रा टोला में शनिवार को धान के खेत में भरे पानी में डूबने से महिला बसंती बाई पति भोला उम्र लगभग 22 वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतिका मिर्गी बीमारी से ग्रसित थी। शनिवार की सुबह महिला गांव के नजदीक ही दवा बनाने के लिए आम के वृक्ष की छाल लेने अकेले गई थी जहां उसे मिर्गी का दौरा आ गया और वह पानी से भरे धान के खेत में गिर गई थी जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में किसी परिचित ने देखा तो परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस थाना आकर इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे दल बल के साथ एवं नायब तहसीलदार टी एल धुर्वे राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंच गए। पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव परीक्षण कराया गया और अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस जांच में जुट गई है।

## 'मन की बात' कार्यक्रम ने ग्रामीणों में भरा नया उत्साह, गांव-गांव गूंजे मोदी के विचार

**शहपुरा - मानिकपुर** मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मासिक रेडियो एवं टेलीविजन कार्यक्रम 'मन की बात' का सीधा प्रसारण रविवार को भाजपा मंडल मानिकपुर अन्तर्गत शक्ति केंद्र पड़रिया कला के अंतर्गत ग्राम टिकरिया, पड़रिया कला एवं बरौदी में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ सुना गया। इस अवसर पर गांव के चौपालों पर लाइव टेलीविजन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया गया, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से विश्वनाथ झारिया, संदीप गौलिया , प्रदीप झारिया, सियाराम झारिया, खिलाड़ी झारिया रामेश्वर झारिया, सुरेश साहू, प्रेमलाल, सोहनलाल, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए। सभी ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री जी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उनसे प्रेरणा ली। प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने संबोधन में जनभागीदारी, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर विचार साझा किए। उनके विचारों ने ग्रामीणों में देश सेवा के प्रति नई ऊर्जा और संकल्प का संचार किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि 'मन की बात' कार्यक्रम केवल एक संवाद नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने तक पहुंचने वाला जन-आंदोलन बन चुका है, जो आमजन को राष्ट्र निर्माण से जोड़ता है।



## शहपुरा नगर में गणपति बप्पा की गूंज,घर-घर और पंडालो में विराजमान हुए गणपति बप्पा





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी**

गणपति उत्सव का पर्व जिले भर में हर्ष और उललास के साथ मनाया जा रहा है शहपुरा नगर में भी एवं ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक पंडालो एवं घर-घर में विघ्नहर्ता भगवान गणेश विराजमान हुए हैं सुबह से ही पूजा अर्चना और भजन कीर्तन का दौर शुरू हो जाता है जिससे पूरा वातावरण भक्ति में हो गया है सार्वजनिक पंडालो में आकर्षक साज सज्जा की गई है शहपुरा नगर में प्रमुख रूप से आराधना गणेश उत्सव समिति बाजार चौक जो की शहपुरा नगर की प्रथम पूज्य गणपति समिति है जहां पर नगर में सर्वप्रथम भगवान गणेश की स्थापना की गई थी यहां पर आज भी निरंतर वही परंपरा जारी है इसके अलावा शंकरगंज पुराना बस स्टैंड शहीद स्मारक गोपालगंज ऋषि चौक कछवाहा मोहल्ला हनुमान मंदिर बस स्टैंड आस पास के ग्रामीण क्षेत्र सहित कई प्रमुख स्थलों में भगवान गणेश की स्थापना की गई है।

## पंचकर्म आयुर्वेदा अनुसंधान केंद्र का हुआ शुभारंभ



**शहपुरा**

जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव स्थित स्वास्थ्य केंद्र में आयुर्वेद पंचकर्म कार्यशाला का शुभारंभ मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश मेहरा अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले एवं एमएल साहू अध्यक्ष जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव किया गया यह डिंडोरी जिले के लिए एक विशेष उपलब्धि है अभी डिंडोरी एवं आसपास के जिले में भी इस तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं थी कल्याण केंद्र बरगांव में अब आयुर्वेद पद्धति से पंचकर्म अनुसंधान कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया है पंचकर्म पद्धति से यहां पर मरीजों का इलाज किया जाएगा आयुर्वेदिक दवाओं का प्रयोग इस कार्य में किया जाता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले ने बताया कि जनजाति कल्याण केंद्र में आयुर्वेद पंचकर्म का शुभारंभ का उद्देश्य देश को पुनः आयुर्वेद की ओर ले जाना हमारी भारतीय संस्कृति में आयुर्वेद का अत्यधिक महत्व है परंतु एलोपैथी के युग मैं लोग आयुर्वेद को भूलते जा रहे हैं और एलोपैथी दावों पर निर्भर हो गए हैं परंतु अब हमें होना अपनी भारतीयम मूल संस्कृति मैं वापस लौटना है आयुर्वेद को बढ़ावा देना है।

## जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव में हुआ दोना पत्तल निर्माण एवं महिला ड्राइविंग प्रशिक्षण का शुभारंभ



**शहपुरा**

जनजाति कल्याण केंद्र महाकोशल बरगांव मैं रविवार को महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के समूह के द्वारा संचालित होने वाले दोना पत्तल संस्करण इकाई का भव्य शुभारंभ किया गया इसमें जनजातीय क्षेत्र में रहने वाली आदिवासी महिलाओं के द्वारा कल्याण केंद्र प्रकल्प के द्वारा लगाई गई मशीन से दोना पत्तल निर्माण कार्य किया जाएगा आदिवासी अंचल में महलोन पत्ता बहुतायत मात्रा में पाया जाता है जो बाहर शहरों में निर्यात होता था अब यहां पर दोना पत्तल संस्करण इकाई स्थापित होने पर यहीं पर प्राकृतिक हरे पत्तों से दोना पत्तल निर्माण कार्य किया जाएगा दोना पत्तल संस्करण इकाई की स्थापना से यहां पर स्थानीय आदिवासी वनांचल में रहने वाली महिलाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा

### रानी दुर्गावती ड्राइविंग स्कूल का हुआ शुभारंभ

जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बड़गांव में रानी दुर्गावती ड्राइविंग स्कूल के नवीन सत्र का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले की उपस्थिति एवं मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश मेहरा एवं एमएल साहू अध्यक्ष जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया पूर्व में भी यहां पर संचालित ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल में 400 से अधिक महिला पुरुषों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा चुका है वर्तमान में सैकड़ो की संख्याओं में महिलाओं ने प्रशिक्षण हेतु आवेदन दिया है जिन्हें अब ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बप्पा को लगाए 108 भोग



**नरसिंहपुर।** श्री गणेश देवस्थानम् सिद्धपीठ में सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा 56 भोग अर्पित करने का आयोजन निर्धारित किया गया था लेकिन बप्पा की कृपा व संयोग तथा महिला मंडल के उत्साह, श्रद्धा से बप्पा को 108 भोग अर्पित हुए। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद परिषद सदस्यों ने भक्तिभाव से महाआरती के बाद भंडारा कराकर पुण्य अर्जित किया। महाआरती में जिला अध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे, नगर अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा भट्ट और समस्त कार्यकारिणी ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। वही संध्या के समय सुप्रसिद्ध कवियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस युवक की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गोविंद पिता कंछेदी लाल गौड़ उम्र 30 वर्ष निवासी जूनागढ़ थाना सुआतला को काम करते समय सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग पंचानामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### किशोरी ने खाया जहर

**नरसिंहपुर।** गत दिवस किशोरी द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र कोतवाली के किसानी वार्ड निवासी 16 वर्षीय किशोरी द्वारा अपने ही घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### आज भाजपा महिला मोर्चा करेगी कांग्रेस कार्यालय का घेराव

**नरसिंहपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन नेतृत्व के निर्देशानुसार महिला मोर्चा नरसिंहपुर के द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बिहार राज्य की रैलियों मे देश के संवैधानिक पद पर आशीन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया जाना संपूर्ण नारी शक्ति का अपमान है। यह केवल एक महिला का नहीं अपितु देश की प्रत्येक मातृशक्ति माता-बहन के सम्मान पर आघात है। इस निंदनीय घटना के विरोध में भारतीय जनता पार्टी नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष आदरणीय रामसनेही पाठक के मार्गदर्शन में मातृशक्ति के द्वारा 1 सितंबर सोमवार दोपहर 3 बजे मुशरान पार्क चौराहा से कांग्रेस कार्यालय के बाहर तक धरना प्रदर्शन एवं कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### ग्राम पंचायत में गोशाला फिर भी सड़क पर घूम रहे मवेशी



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगासपुर में गोशाला रहने के बाद भी यहां की सड़क पर शाम और दोपहर के समय बेसहारा मवेशी बैठे रहते हैं। जिसके कारण उक्त मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। गोशाला में मौजूद मवेशियों को बाहर छोड़ दिया जाता है। जो शाम को चरने के बाद वापस गोशाला आ जाती है।

## नियमों को ताक पर रखकर हो रहा निर्माण

# परेशानी का सबब बन रही सीवरेज परियोजना

**नगर में अनेकों स्थानों पर बने गड्ढे**

सरकार द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए अनेकों योजनाएं तैयार कर बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए तत्पर रही है। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदारों की मनमानी के कारण शासन की योजनाएं धूमिल हो जाती है। वही निर्माण कार्यो के चलते अव्यवस्थाएं भी गड़बड़ हो जाती है। ऐसा मामला जिला मुख्यालय मे बनाई जा रही सीवर लाइन परियोजना को भी सामने आया जहां पर सीवर लाइन निर्माण से लोगों काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





नगर वासियों को गंदे पानी से निजात दिलाने के लिए सरकार द्वारा सीवरेज लाइन का कार्य किया जाने शुरूआत की गई। सीवरे लाइन से घरेलू उपयोग के उपरांत जो गंदा पानी खुली नालियों के माध्यम से निकलकर नदी नालों में मिलता है और उसकी स्वच्छता को भंग करता है और जमीन से निकला हुआ पानी बहुत अधिक मात्रा में बह जाने के कारण जमीनी जल का स्तर तेजी से बहुत नीचे पहुंच रहा है इस बात को ध्यान देते हुए नगर प्रशासन के द्वारा सीवरेज लाइन का प्रस्ताव रखा गया जिसकी स्वीकृति मिलने के उपरांत भारी भरकम राशि में टेंडर हुआ जिसमें कार्य करने के लिए नियम शर्ते रखी गई, ठेकेदार के द्वारा उन सभी शर्तो पर कार्य करने की प्रतिबद्धता के चलते कार्य प्रारंभ कर दिया गया। कार्य प्रारंभ होते ही नगरवासियों को बड़ी खुशी हुई की गंदगी से निजात मिलेगी लेकिन वर्षों बीत जाने के उपरांत जब काम लगातार चलते रहने के कारण हर घर के सामने चार चार बार खुदाई करना बनी हुई सड़क को पूरी तरह से मिटा देना फिर भी काम पूरा ना होना लोगो के लिए सरदर्द बन चुका है।

### नगर पालिका की नजर आ रही उदासीनता

नगर की क्षेत्र मे काम कर रही सीवरेज कंपनी पर नगर पालिका प्रशासन का अंकुश नजर नही आ रहा है। कंपनी द्वारा कार्य के दौरान सड़कों के स्वारूप को बिगाड़ा गया लेकिन अभी नगर पालिका प्रशासन द्वारा ठेकेदार पर किसी प्रकार से कोई कार्रवाई नही की गई और ना ही कार्य को सफाई के साथ करने के लिए कहा गया है। जबकि नगर की सौंदर्य करण तथा सभी जिम्मेदारियां नगर पालिका की होती है। विगत वर्षों से चल रहे सीवरेज लाइन के निर्माण कार्य के चलते नगर पालिका परिषद ने दशकों में जो सड़क निर्माण कार्य करवाए थे उन सभी को इस इस योजना ने पूरी तरह से चैपट कर दिया।

### नगर की सड़कों को बिगड़ा स्वारूप

सीवरेज लाइन परियोजना का कार्य करने वाली कंपनी के कर्मचारियों की मनमानी के चलते नगर की सड़कों खोदकर उने स्वारूप को बिगाड़ दिया लेकिन निर्माण कार्य पूरा नही हो सका और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नागरिकों की परेशासनी पर ध्यान नही दिया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा ठेका लेते समय नियम शर्तों के तहत कार्य प्रारंभ किया था की जिस स्थिति में जो सड़क होगी उसी प्रकार कार्य होने के उपरांत बनाकर दी जाएगी शर्तों का पालन तो किया जा रहा है लेकिन सड़क को बीच से लंबाई में खोदना फिर बड़े बड़े गढ्ढे बनाना उसमें टैंक का निर्माण किया जाना फिर उस टैंक से दोनो तरफ साइड में घरों के पाइप लाइन से जोड़ना इस प्रक्रिया में सड़क पूरी तरह से खत्म कर दी गई। गढ्ढा भरकर थेगरा लगा दिए गए अधिकांश स्थानों पर वाशिंदों को पहली बार पक्की सड़क नसीब हुई थी उसी के परखच्चे उड़ा दिए गए। समस्त शहरी क्षेत्र की सड़कों की स्थिति वर्तमान में बद से बदतर बना दी गई।

### निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल

सीवरेज परियोजना में काम कर रही कंपनी पर जिला प्रशासन तथा नगर पालिका प्रशासन का कोई अंकुश नजर नही आ रहा है। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य पर भी लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे है। वही निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा निर्माण कार्य के चले नियमों को भी धता दिखाया जा रहा है। कंपनी को ना कोई बोलने बाला है ना कोई देखने वाला जैसी मर्जी हो काम किया जा रहा है शर्तो के अनुसार जो समय अवधि ठेका लेते समय निर्धारित हुई थी वह निकल जाने के बावजूद कार्य चलते रहना घटिया निर्माण किया जाना काम समाप्त नहीं हुआ की अनेकों जगह टैंक के ढक्कन फूट जाने से बड़ी घटना दुर्घटना के लिए आमंत्रण का केंद्र बन चुका है। निर्माण कार्य की अवधि निकल जाने के बाद भी कंपनी द्वारा कार्य पूर्ण नही किया गया और दो बार अवधि बढ़ाई जा चुकी है लेकिन कार्य पूरा होता नजर नही आ रहा है। प्रशासन को चाहिए की निर्माण कार्य के साथ कंपनी की भी जांच हो जिससे सरकार की महत्वपूर्ण योजना पर पलीता ना लग सके।

## आदिवासी विकास परिषद की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद एवं आदिवासी समाज उत्थान परिषद की बैठक संपन्न हुई उक्त बैठक में समिति द्वारा निर्णय लिया गया 18 सितंबर महाराजा शंकर शाह एवं कंवर रघुनाथ शाह 168 बार बलिदान दिवस स्थान बाजार चैक मुंगवानी जिला नरसिंहपुर मनाया जाना तय हुआ जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा आदिवासी समाज के द्वारा भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें ज्ञापन के माध्यम से जिले के आदिवासी मूल समस्याओं का ज्ञापन शासन प्रशासन को सौंपा जाएगा बैठक में इनकी रही उपस्थित कढोरी लाल ठाकुर पूर्व अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद जिला नरसिंहपुर बाबूलाल इरपचे उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद कंछेदी बरकड़े कार्यवाहक अध्यक्ष मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद नरसिंहपुर रामलाल उईके संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल महोत्सव के तहत ऑन साइकिल का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।




गत दिवस मेजर ध्यानचंद्र राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 के तहत शासकीय स्नोतकोत्तर महाविद्यालय में ऑन साईकिल का आयोजन क्रीड़ा विभाग द्वारा किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर संडे ऑन साईकिल की थीम पर यह आयोजन किया गया। इस दौरान सुनील कोठारी, मनीष कटारे, देवेन्द्र दुबे, सतीश बेस, भरत ठाकुर, फिजिकल फील्ड एंड डिफेंस एकेडमी के संचालक एवं प्रशिक्षक आनंद पटेल आदि मौजूद थे। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना ने साईकिलिंग प्रोग्राम के महत्व को बतया। यह साईकिलिंग रैली की शुरूआत महाविद्यालय प्रांगण से की गई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए पुनरू महाविद्यालय में समाप्त हुई। इस दौरान लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए खेल जरूरी, साईकिल अपनाओ, प्रदूषण हटाओ आदि का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया।

## महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



गोटेगांव

विगतदिवस शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में विश्वव विख्यात हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया i इस कार्यक्रम की अध्यक्षा महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती ए. कोस्टा द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में खेलों का महत्व स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मानसिकता के बारे में बताया गया। क्रीड़ा विभाग अधिकारी श्रीमती टीना सोनी द्वारा खिलाड़ी विद्यार्थियों को नौकरी में सफलता किस तरह मिले इसकी जानकारी दी, साथ ही कई खेल गतिविधियां महाविद्यालय में आयोजित की गई, इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. एकता उपाध्याय द्वारा हॉकी के जादूगर खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जीवन परिचय दिया गया और बताया गया की विद्यार्थी किस तरह से खेल के माध्यम से अपना भविष्य करियर में बना सकते हैं। महाविद्यालय में उन्नति फाउंडेशन बेंगलुरु द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षिका श्रीमती महिमा केसरवानी द्वारा संचालित व्यक्तित्व विकास एवं इंग्लिश बोलना सीखना संबंधित बैच का कुशलतम समापन किया गया जिसमें अनेक विद्यार्थियों द्वारा व्यक्तित्व विकास हेतु व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान का अर्जन किया गया , और अपने जिज्ञासा वाले भविष्य से संबंधित करियर प्रश्नों का समाधान किया गया i इस अवसर पर डॉ. रूकमणि अहिरवार डॉ.अभिषेक तिवारी डॉ. सुजाता कोरी डॉ.सुरेश मिश्रा डॉ. शिल्पा चौकसे डॉ. सचिन उमरे डॉ.जयश्री चढ़ार श्रीमती लक्ष्मी उमरे अरुण बोहरे,श्री संदीप राजपूत चंद्रशेखर घोषी, प्रियांशु नामदेव राजेश पटेल पुहुप बर्मन करण एवं समस्त विद्यार्थियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## सफाई कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधकर मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



राष्ट्र सेविका समिति की बहनों के द्वारा सरकारी अस्पताल में जाकर डॉक्टर्स, नर्सिंग आफिसर, सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया। सभी रोग मुक्त हों,सबका मनोबल उन्नत रहे, सबके साथ हमारा व्यवहार मैत्रीपूर्ण रहे, हम सब एक दुसरे के सहयोगी बने इसी उद्देश्य को लेकर समिति रक्षाबंधन का उत्सव मनाती है। वैसे तो रक्षाबंधन का उत्सव पांच दिनों तक रहता है। पर समिति एक माह तक उत्सव मनाती है इसका मुख्य कारण है कि हम समाज के उन सभी लोगों से संपर्क हो सके जो दिन रात हम सबको अपनी सेवाएं देते है जैसे डॉक्टर्स, सिस्टर्स, सफाई कर्मचारी, सुरक्षाबल। आज के कार्यक्रम मै राष्ट्र सेविका समिति की सेविका बहनों की सक्रिय भूमिका रही।

## एक पखवाड़े के बाद भी नहीं हो सकी शिक्षक पर कार्यवाही शिक्षा मंत्री से मिले ग्रामीण शिक्षक को हटाने की रखी मांग





**तेंदूखेड़ा।** विगत 15 अगस्त को प्राथमिक शाला विजोरा में ध्वजारोहण के उपरांत शाम को ध्वज ना उतारने दो दिन बाद 17 अगस्त को एक महिला के माध्यम से ध्वज उतरवाये जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया था।यह विषय सोशल मीडिया के साथ प्रिंट मीडिया ने प्रमुखता से लिया जिसे लेकर 18 अगस्त को विकास खंड शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्य को साथ मौके पर पहुंचे और स्कूल पहुंचे गांव वालों के बीच वस्तु स्थिति का जायजा लिया। स्वयं दोषी प्रधान पाठक नरेश कुमार मेहरा ने अपनी गलती को भी स्वीकार कर लिया था।मौके पर ग्रामीणों ने स्कूल पहुंच कर वहां की अव्यवस्थाओं की अधिकारियों के सामने चुप्पी तोड़ते हुए व्याप्त विसंगतियों को उजागर किया था ।विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी ने भी इस विषय को गंभीरता से लिया था। ग्रामीण तथा बच्चों के पालकों द्वारा जो भी तथ्य रखे थे उनसे शिक्षक की गतिविधियों से लगभग हर वर्ग परेशान हैं।यह स्वीकार किया था। पंचनामा बनाकर उपस्थित पक्षों के कथन लेकर वस्तु स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन एक पखवाड़े बाद जब कोई कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नहीं की गई तब असहाय ग्रामीण रविवार को शिक्षा मंत्री के पास पहुंचे और उनके सामने वस्तु स्थिति रखी । शिक्षा मंत्री ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही का आश्वासन दिया है। सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि एक तरफ जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा स्वयं कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पहुंच कर गुणवत्ता देख रहे हैं स्वयं बच्चों से प्रश्न करते हैं और कमियों को दूर करने की दिशा में संबंधित शिक्षकों को निर्देश भी देते हैं लेकिन ग्राम विजोरा स्कूल का मामला जहां राष्ट्रीय ध्वज का अपमान फिर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की गांव वालों द्वारा शिकायत के बाद भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस विषय को दवा कर बैठ जाना क्षेत्र में जनचर्चा के साथ सोचनीय विषय बना हुआ है।

***पहली दूसरी और चौथी में बच्चे ही नहीं*** - जांच के दौरान एक और विषय सामने निकल कर आया है कि यहां पर कुल 11 बच्चे ही दर्ज हैं। इनमें भी बहुत ही कम बच्चे स्कूल आते हैं। सोचनीय विषय तो यह सामने आया कि यहां पर कक्षा पहली दूसरी और चौथी कक्षा में एक भी छात्र नहीं है।

## परमहंसी गंगा आश्रम में चातुर्मास प्रवचन मृगतृष्णा का पीछा करने वाला कभी सत्य तक नहीं पहुँचता*

गोटेगांव

स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में चातुर्मास प्रवचनमाला के दौरान द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने बाल्मीकि रामायण के स्वर्णमृग प्रसंग का दिव्य वर्णन किया। महाराजश्री ने कहा

जब खर-दूषण का वध हो गया, तब रावण ने सूर्पणखा से बदला लेने का विचार किया। अकम्पन राक्षस की सलाह पर वह मारीच के पास पहुँचा। रावण ने मारीच को स्वर्णमृग का रूप धारण कर श्रीराम को दूर ले जाने का आदेश दिया। मारीच ने बहुत समझाया कि यह कार्य अनर्थकारी है, परंतु रावण अपनी दुराग्रहवश नहीं माना। मारीच बोला राम से विरोध करना मृत्यु को बुलाना है। राम के चरणों से बढ़कर कोई शरण नहीं। फिर भी रावण के दबाव में मारीच ने कहा यदि राम मुझे मारेंगे तो मेरा उद्धार होगा, और यदि रावण के आदेश को नहीं मानूंगा तो वह मुझे मार देगा। अतः राम के बाणों से मरण ही श्रेष्ठ है। इस प्रकार मारीच ने अपनी नियति को स्वीकार किया।



### *स्वर्णमृग की अद्भुत लीला*

मारीच ने स्वर्णमृग का अद्भुत रूप धारण किया और पंचवटी में घूमने लगा। उसका सौंदर्य देखकर माता सीता चकित रह गईं। उन्होंने श्रीराम से कहा

ऐसा अद्भुत मृग मैंने आज तक नहीं देखा। इसे लाकर दीजिए, ताकि मैं इसकी कांति से कुटिया को सजाऊँ। लक्ष्मणजी ने शंका व्यक्त करते हुए कहा कि यह कोई दैत्य रूप हो सकता है, किंतु सीता जी के आग्रह पर श्रीराम धनुष-बाण लेकर स्वर्णमृग का पीछा करने निकल पड़े।

### *माया का आकर्षण और शिक्षा*

महाराजश्री ने कहा मारीच का स्वर्णमृग केवल एक छलावा था। सीता जैसी साध्वी भी उसके आकर्षण में पड़ गईं। यही संसार की माया है। आज का मनुष्य भी इस स्वर्णमृग का पीछा कर रहा है, कभी पद का, कभी धन का, कभी वैभव का। परिणाम यह होता है कि सत्य और धर्म से दूर होकर वह दुख और संकट में फँस जाता है।

### *पतंग और मृगतृष्णा का उदाहरण*

शंकराचार्य जी ने भक्तों को समझाया जैसे पतंग दीपक की लौ पर भटककर जल जाती है, वैसे ही मनुष्य भी माया के पीछे दौड़ता हुआ अपने जीवन को नष्ट कर देता है। मृगतृष्णा की तरह यह संसार चमकता तो है, परंतु हाथ में कभी नहीं आता। हमें यह प्रसंग यह शिक्षा देता है कि संसार का आकर्षण बड़ा प्रबल है। साधु, सज्जन और ज्ञानी को भी माया मोह में बाँध लेती है, परंतु राम जैसे धीर-धुरंधर पुरुष उसे भेदकर सत्य तक पहुँचते हैं। उन्होंने आगे कहा मनुष्य को अपने जीवन में मरीचिका (मृगतृष्णा) का पीछा नहीं करना चाहिए। यह केवल भ्रम है, जो सत्य से दूर कर देता है। राम ने यह प्रसंग हमें समझाने के लिये रचा कि विवेक ही जीवन का वास्तविक मार्गदर्शक है।"

### *प्रवचन बना आत्ममंथन*

प्रवचन सुनते समय अनेक श्रद्धालु विचारमग्न हो गए। एक युवा ने कहा आज समझ आया कि यह स्वर्णमृग वास्तव में हमारे जीवन की इच्छाओं का प्रतीक है। जिनका पीछा करते-करते हम घर-परिवार और सत्य से दूर हो जाते हैं। वहीं भक्त संजू खारया ने कहा महाराजश्री का प्रवचन केवल कथा नहीं, बल्कि आत्ममंथन है। यह हमें रोज़मर्रा की भागदौड़ से रोककर भीतर झाँकना सिखाता है। पूरे आश्रम में गंभीर शांति और भक्ति का वातावरण बना रहा। प्रवचन के अंत में सामूहिक रामनाम संकीर्तन हुआ और श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन की मृगतृष्णाओं का त्याग कर धर्ममार्ग पर चलेंगे।